www.amritvichar.com

## सुविचार



देश एक मंदिर है, हम पुजारी हैं, राष्ट्रदेव की पूजा में हमें, खुद को समर्पित कर देना चाहिए।
- अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व प्रधानमंत्री


# अमृत विचार

## बरेली महानगर

बरेली , बुधवार,25 फरवरी 2026


### बरेली के प्रमुख समाचार


- श्यामगंज मंडी की रौनक छीन रही टूटी सड़क-II
- वन टाइम टैक्स के विरोध में टैक्सी चालकों का प्रदर्शन -III
- कचहरी रोड पर बड़े वाहनों की नो एंट्री, नहीं लगेगा जाम-IV




| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| बुधवार शाम | गुरुवार सुबह |
| सुन्नी: 6:14 | सुन्नी: 5:15 |
| शिया: 6:23 | शिया: 5:09 |

## सुनिधि ने बिखेरा जलवा



इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी के वार्षिक महोत्सव इंवर्शिया में सुनिधि चौहान ने मखमली सुरों के जादू से छात्रों को थिरकने को मजबूर कर दिया। (खबर पेज IV पर) ● अमृत विचार

# पक्का बिल नहीं दिखाने पर होगी कार्रवाई

- राज्य कर विभाग के अधिकारियों ने 50 हजार से अधिक के माल की जांच की तेज
- गलियों और गुप्त रास्तों पर भी बैठाया पहरा, वेंडर भी जांच के दायरे में आएंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** होली आते ही राज्य कर विभाग के अधिकारियों ने जांच और तेज कर दी है। अब 50 हजार रुपये के माल का भी पक्का बिल दिखाना होगा। मानक के अनुसार बिल नहीं मिलने पर माल का परिवहन कर रहे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। इसमें बड़े ट्रक और वाहनों के साथ फेरी लगाने वाले वेंडर भी जांच के दायरे में आएंगे।

जीएसटी अपर आयुक्त ग्रेड वन आशीष रंजन ने बताया कि वाहन चालक चालाकी करते हुए ऐसे रास्तों से निकलने का प्रयास करते हैं, जहां आम तौर पर वाहनों का आवागमन नहीं होता है। जीएसटी के अधिकारी गुप्त रास्तों पर भी पहरा बिठाए है, जिससे ई-वे बिल एक्सपायर, बिना बिल का माल वाले मामले पकड़ सकें। बिना बिल के सामान लाने व ले जाने वालों की जांच शहर में तेजी से की जा रही है। कोई भी माल जिस पर जीएसटी लगता है। वह बिना बिल के ले जा रहे हैं तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

### होली के मद्देनजर रेलवे और बस अड्डों पर निगरानी

होली के मौके पर टैक्स चोरी करने वाले दिल्ली और अन्य राज्यों से बड़ी मात्रा में माल मंगवाते हैं। वे रेलवे की बोगी बुक करवाकर या बसों के माध्यम से बिना टैक्स चुकाए सामान लाते हैं और उसे चोरी-छिपे गोदामों तक पहुंचाते हैं। इसी को देखते हुए रेलवे पार्सल घरों और बस अड्डों पर भी विभाग ने निगरानी कड़ी कर दी है। साथ ही मिठाई की दुकानों, परचून के थोक विक्रेताओं और गिफ्ट आइटम्स की आपूर्ति पर पैनी नजर रखी जा रही है। होली के मौके पर बढ़ती आर्थिक गतिविधियों के साथ टैक्स चोरी रोकना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। जीएसटी विभाग ने इस बार टैक्स माफिया पर नकेल कसने की पूरी तैयारी कर ली गई है।

## सिटी ब्रीफ

### 4.20 लाख की दवा सीज, 4 नमूने जांच को भेजे

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर औषधि निरीक्षक राजेश कुमार ने मंगलवार को शास्त्री मार्केट में मेसर्स नीलू फार्मा, शास्त्री मार्केट के मालिक सत्यभान गुप्ता के यहां छापेमारी की। जहां पर गोदाम में अवैध रूप से भंडारित एलोपैथिक औषधियों को जब्त किया गया। इसकी कीमत लगभग 4.20 लाख रुपये है। टीम ने उसे सीज कर दिया। साथ ही चार संदिग्ध नमूनों को जांच के लिए भेजा गया। जांच रिपोर्ट आने के बाद विवेचना पूरी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बड़ी बमनपुरी की ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ आज

**बरेली, अमृत विचार :** नरसिंह मंदिर बड़ी बमनपुरी में 166 वां वार्षिकोत्सव रामलीला का आयोजन बुधवार से किया जाएगा। बुधवार को दोपहर 3 बजे विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ श्री गणेश पूजन पताका यात्रा के साथ होगा। बड़ी बमनपुरी की रामलीला के लिए पिछले कई दिनों से जारी तैयारियों को मंगलवार को भी अंतिम रूप देने में आयोजक जुटे रहे। इस दौरान कलाकारों की टीम भी रिहर्सल करके मंचन की तैयारी करती रही।

## शहर में आज

- यूपी बोर्ड परीक्षा पहली पाली सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे।
- सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड परीक्षा सुबह 10 बजे से 1:30 बजे तक।
- शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के विरुद्ध यौन शोषण के मुकदमे के विरोध में कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन चौधरी चरण सिंह पार्क कलेक्ट्रेट पर दोपहर 12 बजे।
- 166 वें वार्षिकोत्सव पर ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ श्रीगणेश पूजन व पताका यात्रा नरसिंह मंदिर बड़ी बमनपुरी दोपहर 3 बजे।
- आईडीए कैंट के आईडीएपीएल के आयोजन को लेकर खिलाड़ियों की नीलामी होटल काउंन्ट्री ग्रीन पीलीभीत बाईपास रोड पर शाम 7 बजे।
- राजश्री ग्रुप के इंस्टीट्यूशन के 17वें स्थापना दिवस समारोह पर आह्वान का आयोजन।

# बरेलीवासियों का दो वर्ष में पूरा होगा शुद्ध जल का सपना

## पाइप लाइन बिछाने को तकनीकी बिड में चार कंपनियां आईं आगे, वित्तीय बिड मार्च तक पूरी करने की तैयारी

- अमृत योजना 2.0 में 270 करोड़ से 301 किमी. लंबी पाइपलाइन बिछाएगा जल निगम
- शासन ने आमंत्रित निविदा को पूर्ण कराने को गठित की गईं तीन अलग-अलग कमेटियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इंदौर में हाल ही में दूषित पेयजल आपूर्ति के कारण हुई मौतों के बाद जल निगम ने शहरवासियों तक सुरक्षित जल पहुंचाने के प्रयासों को और तेज कर दिया है। नगर निगम क्षेत्र में 55 वार्डों में लगभग 301 किलोमीटर लंबी नई पाइपलाइन बिछाने के लिए आमंत्रित निविदा प्रक्रिया का तकनीकी परीक्षण शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार फिलहाल चार कंपनियां आगे आई हैं। तकनीकी बिड पूरी होने के बाद मार्च तक वित्तीय बिड भी पूरी होने की संभावना है। परियोजना की निगरानी को शासन स्तर से तीन अलग-अलग कमेटियां गठित की हैं, जो पूरे कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता की समीक्षा करेंगी।

शासन ने जनवरी माह में अमृत योजना 2.0 के तहत उन मोहल्लों में भी पानी पहुंचाने की मंजूरी दी, जो अब तक इस योजना से छूटे हुए थे। जल निगम के अधीक्षण अभियंता शहरी केके कटियार ने बताया कि बाकरगंज, कुरैशी नगर, रबड़ी टोला, पुराना शहर के साथ ही अन्य वार्डों में गंदा पानी आने की शिकायत लगातार बनी रहती है। जल निगम ने वर्ष 2022-23 में शहर के उन क्षेत्रों का सर्वे कराया था, जहां शुद्ध जल नहीं पहुंच रहा है। इसके बाद अमृत 2.0 योजना तैयार की गई। करीब 270 करोड़ रुपये की इस योजना पर खर्च होने का अनुमान है। इससे शहर के 76,465 घरों तक शुद्ध जल की आपूर्ति होगी।

उन्होंने बताया कि योजना के फेस-1 में 19 नए ओवरहेड टैंक, 37 नलकूप, 302.36 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन, 19.47 किलोमीटर राइजिंग मेन, छह ग्राउंड वाटर रिचार्ज सिस्टम और पांच किलोमीटर बाउंड्री वाल का निर्माण भी किया जाएगा। इसके अलावा तीन स्टाफ क्वार्टर भी बनाए जाएंगे। दावा किया कि परियोजना न केवल सभी वार्डों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराएगी बल्कि जल वितरण प्रणाली को भी आधुनिक और मजबूत बनाएगी, जिससे भविष्य में किसी भी जल संकट की स्थिति में त्वरित समाधान संभव हो सकेगा। अधीक्षण अभियंता के मुताबिक निविदाओं के तकनीकी परीक्षण में चार कंपनियां आगे हैं। यदि पहली बार में कोई एजेंसी क्वालिफाई नहीं होती है, तो दोबारा निविदा आमंत्रित की जाएगी, ताकि किसी प्रकार की देरी न हो।



पानी की टंकी।

### 130 रुपये मासिक टैरिफ प्रस्तावित

जल निगम के अधीक्षण अभियंता शहरी केके कटियार ने बताया कि पानी के नए कनेक्शन पर 130 रुपये मासिक टैरिफ प्रस्तावित किया गया है। इसके साथ ही भविष्य के लिए टैरिफ संरचना भी तय की गई है। इसमें वर्ष 2040 में 170 रुपये और वर्ष 2055 में 210 रुपये का टैरिफ शामिल होगा। परियोजना के तहत 34 वार्डों में पूरी तरह से नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जबकि 21 वार्डों में आंशिक रूप से पाइपलाइन डाली जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि पूरे काम को दो वर्ष के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे शहरवासियों को जल्द से जल्द सुरक्षित और निरंतर जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। यह भी बताया कि वर्ष 2025 में नगर निगम की अनुमानित जनसंख्या 11.44 लाख और घरों की संख्या 1.90 लाख मानी गई है। वर्तमान में केवल 93,194 घरों में ही कनेक्शन हैं, यानि लगभग आधी आबादी अभी भी पूर्ण जलापूर्ति से वंचित है। इसी कमी को दूर करने के लिए योजना में 76,465 गृह संयोजन स्वीकृत किए हैं।

### नगर निगम क्षेत्र के यह हैं असंतृप्त वार्ड

नगर निगम के वार्ड-38, 31, 07, 26, 70, 14, 71, 62, 33, 28, 34, 55, 47, 45, 59, 36, 80, 53, 20, 64, 15, 72, 52, 02, 60, 06, 11, 01, 41, 74, 76, 58 व 24 नंबर वार्ड असंतृप्त क्षेत्र हैं, जबकि आंशिक रूप से असंतृप्त वार्ड में वार्ड-63, 76, 65, 56, 68, 61, 69, 39, 09, 27, 73, 42, 49, 46, 18, 19, 48, 79, 43, 16, 04, 05 व वार्ड-21 शामिल हैं।

# 16 से 20 मार्च तक होंगी कक्षा एक से आठ तक की परीक्षा

- 30 मार्च को घोषित होगा परीक्षा परिणाम, डायट तैयार करेगा प्रश्न पत्र

**बरेली:** बेसिक शिक्षा विभाग ने कक्षा एक से आठ तक की वार्षिक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षाएं 16 मार्च से शुरू होकर 20 मार्च तक संचालित की जाएंगी। सभी जिलों को निर्धारित तिथियों में परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं। आदेशानुसार कक्षा एक की परीक्षा मौखिक रूप से कराई जाएगी, जबकि कक्षा दो से आठ तक की परीक्षाएं लिखित होंगी। प्रश्नपत्रों को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) द्वारा तैयार कराए जाएंगे।

विभागीय अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों पर समय से प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने और मूल्यांकन कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा परिणाम 30 मार्च को घोषित किया जाएगा। इसके बाद समय से नए शिक्षा सत्र की शुरुआत की जाएगी।

# दिल्ली से सीतामढ़ी के बीच स्पेशल ट्रेन, बरेली से गुजरेगी

- स्पेशल ट्रेन का संचालन 27 फरवरी से होगा, रेलवे ने जारी की समय सारणी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** होली के मौके पर नियमित ट्रेनों में सीट खाली नहीं होने के चलते रेलवे लगातार होली स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। रेलवे ने मंगलवार को दिल्ली से बिहार तक के लिए बरेली होकर गुजरने वाली स्पेशल ट्रेन की घोषणा की है. जिनकी समय सारणी में रेलवे की तरफ से जारी कर दी गई है.

मुरादाबाद मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि होली पर आने-जाने के लिए दिल्ली से पूर्वांचल और बिहार की ओर जाने वाली ट्रेनों में दबाव बढ़ रहा है. जिसको लेकर गाड़ी नंबर 04009 सीतामढ़ी दिल्ली के बीच 27 फरवरी और 6 मार्च के लिए विशेष गाड़ी सीतामढ़ी से रात 11:55 पर चलकर अगले दिन शाम 5:58 पर बरेली आएगी और रात 11:30 बजे दिल्ली पहुंचेगी। दिल्ली और सीतामढ़ी के बीच यात्रियों को राहत मिलेगी।

उधर, व्यास नगर-काशी रेलखंड में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली के दौरान ब्लॉक के कारण बरेली होकर गुजरने वाली तीन गाड़ियों को देरी से चलाया जाएगा। 13006 अमृतसर-हावड़ा मेल 25 फरवरी के लिए रास्ते में तीन घंटे नियंत्रित कर चलाई जाएगी। 26 फरवरी के लिए 13257 दानापुर-आनंद विहार जनसाधारण एक्सप्रेस 45 मिनट और 12356 जम्मूतवी-पटना अर्चना एक्सप्रेस रास्ते के स्टेशनों पर 150 मिनट तक नियंत्रित कर चलाई जाएगी।

# तीन मौत के बाद जागे जिम्मेदार, काटा गया खूनी पेड़

- सड़क किनारे खड़े पेड़ से कार टकराने के बाद तीन लोगों की गई थी जान
- वन विभाग की टीम ने मंगलवार को सड़क किनारे खड़े चार पेड़ कटवाए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रामपुर रोड पर सड़क किनारे लगे पेड़ से कार टकराने के बाद तीन लोगों की जान चली गई थी। तीन मौत के बाद विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की आंख खुली। रामपुर रोड पर मंगलवार को वन विभाग की टीम ने सर्वे किया। इसके बाद जिस पेड़ की वजह से हादसा हुआ था उस समेत सड़क किनारे के चार पेड़ों को वन विभाग की टीम ने कटवा दिया है।

दरअसल शनिवार देर रात रामपुर के कल्याणपुर शहजाद नगर निवासी गोविंद अपनी 30 वर्षीय पत्नी मोनी, दो साल के बेटा आर्यन और पिता 60 वर्षीय खेमकरन, चाचा राम बहादुर और 85 वर्षीय फूफा रामगुलाम (निवासी शिवपुरी, थाना मूंढापांडे, मुरादाबाद) के साथ अपनी बुआ के बेटे राहुल की शादी में शामिल होने थाना शाही क्षेत्र के मंसूरगंज गए थे। मंसूरगंज से बरात करेली करगैना गांव गई थी। बरात से खाना खाकर वह रामपुर लौट रहे थे। वह जैसे ही रामपुर रोड पर स्वालेनगर के पास पहुंचे तभी अचानक से गलत दिशा में आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में उनकी कार सड़क किनारे खड़े सेमल के पेड़ से टकरा गई। हादसे में गोविंद की पत्नी मोनी, पिता खेमकरन और फूफा रामगुलाम की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं गोविंद समेत दो वर्षीय बेटा और चाचा राम बहादुर घायल हुए थे। इसके बाद सोमवार को दिशा की बैठक में भी यह मुद्दा उठाया गया था। तब अधिकारियों ने कहा था कि जांच कराई जा रही है। वहीं सड़क किनारे पेड़ों को हटाने के लिए भी निर्देश दिए गए थे। वन विभाग की टीम ने मंगलवार को जिस पेड़ की वजह से हादसा हुआ था उस सेमल के पेड़ समेत चार पेड़ों को काटकर सड़क किनारे से हटाया गया है।



रामपुर रोड के किनारे से खूनी पेड़ हटाते वन कर्मी। ● अमृत विचार



रामपुर रोड के किनारे से खूनी पेड़ को हटाया गया। ● अमृत विचार

### रामपुर रोड से परसाखेड़ा तक कराया जा रहा सर्वे

किला रामपुर रोड से लेकर परसाखेड़ा तक कई जगह पर सड़क किनारे पेड़ और बिजली के पोल हादसे की सबब बन रहे हैं। इसको लेकर अब वन विभाग की तरफ से हादसे की वजह बन रहे पेड़ों को सर्वे कराया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के रेंजर वैभव चौधरी ने बताया कि हादसे के बाद सड़क किनारे खड़े जोखिम वाले पेड़ों को चिह्नित कर हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वन विभाग की टीम ने अब तक तीन से चार पेड़ कटवा दिए हैं, जबकि सड़क किनारे खड़े अन्य पेड़ों का सर्वे जारी है।

## नवाचार

### एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में अंगूर की विदेशी किस्में तैयार करने पर शुरू होगा प्रयोग, छात्रों और किसानों को मिलेगा फायदा

# बरेली के किसान करेंगे अंगूर की खेती, विश्वविद्यालय करेगा मदद

- विश्वविद्यालय तैयार करेगा अंगूर का मॉडल बगीचा, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में करेगा कार्य
- कृषि छात्रों को अंगूर की प्रूनिंग और ट्रेलिस सिस्टम (पंडाल विधि) के बारे में सीखने का मिलेगा मौका
- किसानों को अंगूर की पौध उपलब्ध कराने संग तकनीकी ज्ञान और प्रशिक्षण भी देगा विश्वविद्यालय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर की मिट्टी पर अब विदेशी अंगूर के गुच्छे लटकते हुए दिखाई देंगे। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कृषि और प्रौद्योगिकी संकाय ने क्रांतिकारी पहल करते हुए परिसर में अंगूर की खेती शुरू करने का निर्णय लिया गया। इसका लाभ सिर्फ कृषि विभाग के छात्रों को ही नहीं मिलेगा, बल्कि यहां के किसान भी अंगूर की खेती के बारे में सीखकर इसका लाभ उठा सकेंगे। विश्वविद्यालय किसानों को पौध के साथ ही तकनीक भी उपलब्ध कराएगा। विश्वविद्यालय ने प्रयोग के तौर पर अलग-अलग देशों से अंगूर की पौध मंगाने की तैयारी कर ली है, जिससे बरेली की जलवायु और मिट्टी के अनुरूप अंगूर की फसल का चयन करके उसका विकास किया जा सके। सात समुद्र पार से आने वाली अंगूर की पौध को लेकर शोधार्थियों में जिज्ञासा बनी हुई है।

प्रो. उपेंद्र वालियान ने बताया कि कैंपस की डिजिटल लर्निंग हब और इंटरनेशनल ट्रांजिट छात्रावास के बीच खाली पड़ी भूमि का उपयोग अंगूर की खेती के लिए विकसित किया जा रहा है। यह मॉडल बगीचा के रूप में विकसित होगा। बगीचा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में कार्य करेगा। खेती पर यहां के कृषि संकाय के छात्र अंगूर की विभिन्न प्रजातियों पर शोध करेंगे और यह देखेंगे कि रुहेलखंड की जलवायु में कौन सी किस्म सबसे अधिक फल देती है। कृषि के छात्रों को किताबी ज्ञान के बजाय खेत में जाकर अंगूर की प्रूनिंग और ट्रेलिस सिस्टम (पंडाल विधि) के बारे में सीखने का मौका मिलेगा। इसमें विदेशी जमीन पर लहलहाने वाली अंगूर की विभिन्न प्रजातियों को विकसित कर बगीचा बनाया जाएगा।

प्रो. वालियान के अनुसार विश्वविद्लायल में शुरू की जा रही अंगूर की खेती से कृषि संकाय के छात्रों के अलावा किसान भी लाभान्वित होंगे। किसान अंगूर की आधुनिक खेती सीखकर वह अपने खेतों में इसे उगाएंगे जो उनकी आमदनी को बढ़ाने का जरिया बनेगी। बगीचे से कैंपस में ही उत्तम किस्म के अंगूरों की नर्सरी तैयार होगी, जिससे स्थानीय किसानों को सस्ते और अच्छी गुणवत्ता के पौधे मिल सकें। किसान परंपरागत फसलों (गेहूं-धान) से हटकर नकदी फसल की ओर प्रेरित होंगे। कृषि विशेषज्ञों का भी मानना है कि बरेली और आसपास के क्षेत्रों की मिट्टी अंगूर की खेती के लिए काफी उपजाऊ है। यदि सही तकनीक और देख-रेख मिले, तो यहां का उत्पादन भी बाजार में अपनी जगह बानाएंगा।



विश्वविद्यालय में अंगूर की खेती के लिए तैयार किया जा रहा खेत। ● अमृत विचार

### प्रगतिशील किसान अनिल साहनी बनेंगे मार्गदर्शक



रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में अंगूर की खेती के लिए बिथरी चैनपुर के तिगरा गांव के प्रगतिशील किसान अनिल साहनी का मार्गदर्शन लिया जाएगा। बता दें कि प्रगतिशील किसान अनिल साहनी बिथरी चैनपुर में 10 एकड़ में अंगूर की खेती कर रहे हैं। अनिल साहनी ने 2023 में इसकी शुरुआत की थी। बरेली में अंगूर की सफल खेती कर उन्होंने सभी किसानों और कृषि संकाय के प्रोफेसरों और शोध छात्रों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। अब उनके अनुभव का लाभ विश्वविद्यालय के छात्र और शोधकर्ताओं को मिलेगा।



हमारा लक्ष्य शिक्षा को सीधे खेत और किसान से जोड़ना है। रुहेलखंड विश्वविद्यालय का यह अंगूर प्रोजेक्ट बरेली के कृषि परिदृश्य को नई दिशा प्रदान करेगा। -प्रो. **उपेंद्र वालियान,** पादप विज्ञान विभाग

# बालक राम की हत्या में पत्नी और बेटी को जेल

- शराब पीने को लेकर हुआ था झगड़ा, पत्नी ने डंडा तो बेटी ने फुकनी मार दी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शराब पीने को लेकर हुए विवाद में बालक राम की पत्नी और बेटी के हमले में मौत हो गई थी। पुलिस ने दोनों को सोमवार को गिरफ्तार किया था और मंगलवार को कोर्ट में पेश करने के बाद हत्यारोपी पत्नी तथा बेटी को जेल भेज दिया।

इज्जत नगर थाना क्षेत्र के छोटी विहार निवासी 40 वर्षीय बालक राम का खून से सना हुआ शव रविवार को घर में पड़ा मिला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जांच में सामने आया कि बालक राम की पत्नी और उसकी बेटी ने उसकी हत्या की थी। पुलिस ने सोमवार को बालक राम की पत्नी रेखा और बेटी पिंकी देवी को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में रेखा ने बताया कि पति शराब पीने के आदी थे। वह शराब पीकर अपना होश खो बैठते थे। उसकी ननद के घर पर 21 फरवरी को शादी थी। इसमें सभी लोग भात लेकर गए थे। रेखा के अनुसार ननद के घर भी बालक राम ने अधिक शराब पी ली थी। इसके बाद 22 फरवरी को वह लोग घर वापस लौट आए। बालक राम ने फिर से बाहर जाकर शराब पी और घर पर आकर गाली-गलौज करने लगे। गाली गलौज का विरोध करने पर वह हाथा-पाई करने लगे। इसके बाद रेखा ने गुस्से में आकर लकड़ी के डंडे से उसके सिर पर प्रहार कर दिया। उसके बाद बेटी पिंकी ने भी लोहे की फुकनी से बालक राम के सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

## सिटी ब्रीफ

### पड़ोसियों ने युवक को पीटकर किया घायल

बरेली, अमृत विचार : बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के रजऊ परसपुर निवासी धनपाल सिंह ने बताया कि 22 फरवरी को रात 8 बजे पड़ोस के रहने वाले राजीव, अवनीश, अतलू से बीच रास्ते पर निकलने को लेकर काहसुनी हो गई। कहासुनी के बाद आरोपी गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। बचाने के लिए भाई अमन आया तो उसे भी पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### बहन के घर गए युवक पर हमला, रिपोर्ट दर्ज

बरेली, अमृत विचार : अलीगंज कस्बे के रहने वाले अजमत अली ने बताया कि 22 फरवरी को वह बिथरी चैनपुर के उड़ला जागीर गांव निवासी अपनी बहन रूबी के के घर गए थे। आरोप है कि वह बहन के घर पर जाकर बैठा ही था, तभी बहन के देवर जीशान और चचेरे-तहेरे भाईयों ने गाली गालौज करके लाठी डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में वह गंभीर रुप से घायल हो गया। अजमत अली ने बताया कि पुलिस से शिकायत की गई लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जिसके बाद पीड़ित ने एसएसपी अनुराग आर्य से मामले की शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर बिथरी चैनपुर पुलिस ने जीशान, शफीक, नदीम, वसीम, हनीफ, गुड्डू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरु कर दी है।

### फार्मर रजिस्ट्री की धीमी प्रगति पर डीएम सख्त

बरेली, अमृत विचार : डीएम अविनाश सिंह ने फार्मर रजिस्ट्री योजना की धीमी प्रगति पर सख्त रुख अपनाया है। समीक्षा में पाया गया जिले की छह तहसीलों में कुल 1,96,679 फार्म रजिस्ट्रेशन लंबित हैं। इनमें सबसे ज्यादा 42,480 रजिस्ट्रेशन आंवला तहसील में बाकी हैं। बहेड़ी में 38,402, नवाबगंज में 24,238, फरीदपुर में 29,828, सदर में 25,984 और मीरगंज में 21,737 फार्म अपलोड नहीं हो पाए हैं। जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारियों को हिदायत दी है कि वे विकास खंडों का भ्रमण कर फार्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति सुनिश्चित करें।

# श्यामगंज मंडी की रौनक छीन रही टूटी सड़क

## साहू गोपीनाथ कॉलेज से श्यामगंज फ्लाईओवर तक पेयजल लाइन बिछाने को खोदी सड़क के हालात बदतर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जलकल विभाग के अफसर खामोश, व्यापारी और ग्राहक दोनों का बुरा हाल

अमृत विचार: होली नजदीक है, लेकिन शहर की प्रमुख श्यामगंज गल्ला मंडी त्योहारी खुशियों के बजाय व्यापारियों और खरीदारों के लिए डर का केंद्र बन गयी है। यहां हालात इस कदर बदतर हैं कि दुकानदार सुबह में सहमे-सहमे दुकान खोलते हैं और ग्राहक ऊबड़-खाबड़ सड़क, मलबा और धूल भरी गली में दिनभर धक्के खाते नजर आते हैं। डेढ़ महीने से अधिक समय से यही हालात बने हुए हैं, लेकिन जिम्मेदार अंजान हैं।

श्यामगंज गल्ला मंडी में किराना, अनाज, दाल, मसाले समेत कई तरह की थोक और फुटकर दुकानें हैं। इन पर शहर के पूरे इलाके की निर्भरता है। सुबह से देर रात तक यहां आवाजाही रहती है। जनवरी माह में साहू गोपीनाथ कॉलेज से फ्लाईओवर तक पेयजल पाइपलाइन बिछाने का वादा और 15 दिन में सड़क ठीक करने का दावा किया था, लेकिन डेढ़ महीना से अधिक बीत चुका है और सड़क जस की तस जर्जर, ऊबड़-खाबड़, और घातक बनी हुई है।

> पेजयल लाइन बिछाने का काम पूरा हो चुका है। हॉटमिक्स सड़क डाली जानी है। जलकल विभाग के सहायक अभियंता को निर्देश दिए हैं कि व्यापारियों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र ही सड़क का निर्माण शुरू करा दिया जाए ताकि त्योहारी सीजन में व्यापारियों के साथ-साथ आमजन की दुश्वारियां दूर हो जाए। - **संजीव कुमार मौर्य, नगर आयुक्त**

सड़क पर पड़े पाइप, मलबा और गड्ढे हर गुजरते शख्स के लिए खतरे की घंटी बन गए हैं। वाहन चालकों को जोखिम उठाकर ही गल्ला मंडी तक पहुंचना पड़ रहा है। धूल और जाम ने बाजार की हालत और खराब कर दी है।

श्यामगंज किराना कमेटी के अध्यक्ष गुलशन सब्बरवाल का कहना है कि होली के मौके पर खरीदारी की उम्मीदों के बावजूद श्यामगंज गल्ला मंडी अब त्रासदी का दृश्य बन चुकी है। एक ओर बाजार की दुकानों पर शहर की पूरी निर्भरता है, वहीं दूसरी ओर विभाग की लापरवाही से व्यापारियों को रोजाना चोटिल होने और आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि दावे तो बड़े किए गए थे कि सड़क जल्द बनकर तैयार होगी, लेकिन अब तक न तो कोई काम हुआ और न ही कोई जिम्मेदार सामने आया। कारोबार आधा रह गया है।



श्यामगंज गल्ला मंडी की ऊबड़-खाबड़ सड़क। ● अमृत विचार

# व्यापारी की पत्नी का पर्स छीनकर ले गये बाइक सवार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: दुकान बंद करके पत्नी के साथ घर जा रहे व्यापारी की पत्नी से बाइक सवार लुटेरे पर्स छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरु कर दी है।

सीबीगंज थाना क्षेत्र के वेस्ट एंड कॉलोनी निवासी सुखबीर सिंह ने बताया कि सोमवार की रात वह कोतवाली क्षेत्र में स्थित अपनी दुकान बंद करके रात में 8: 45 बजे पत्नी परविंदर कौर के साथ स्कूटी से घर लौट रहे थे। उसके बाद रास्ते में उन्होने मिनी बाईपास से फल खरीदे, उसके बाद वह घर की तरफ जा रहे थे। उन्होने बताया कि पत्नी के एक हाथ में पर्स था, जिसमें एक मोबाइल फोन, 5 हजार रुपये थे। आरोप है कि इसी बीच दो अज्ञात बदमाश बिना नंबर की बाइक से आए। वह स्कूटी के पास बाइक लाकर पत्नी के हाथ से पर्स छीनकर फरार हो गए। सीबीगंज पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज करके सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से अज्ञात लूटेरों की तलाश शुरु कर दी है।

### छात्रों और शिक्षकों को दी कृषि जानकारी

बरेली, अमृत विचार : ग्राम सुरला में स्थित गोलू देवता मंदिर प्रांगण में डॉ. महेंद्र कुमार सक्सेना ने मंगलवार को कृषि जानकारियां दी। इस कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय जेएलए के छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार उनका स्वागत किया। डॉ. महेंद्र ने सरसों के खेत और पॉपुलर, यूकेलिप्टस के पेड़ों के बारे में जानकारी दी। गुलमोहर गार्डन फार्म में राहुल श्रीवास्तव ने बच्चों को जानवरों और पक्षियों को दिखाया। इस अवसर पर जगदीश नेगी, मानवी, नेहा, रीता, लक्ष्मी, निधि, दिशा, जाली, सोनिका, सुनंदा, जया, श्वेता, शुभा, ललित आदि उपस्थित रहे।

## मकान के ताले तोड़कर लाखों की चोरी

बरेली, अमृत विचार: साली की शादी में परिवार के साथ गए युवक के बंद मकान के ताले तोड़कर अज्ञात चोर लाखों रुपये का सामान समेटकर फरार हो गए। सुबह लौटने पर परिवार को चोरी की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरु कर दी है। सुभाषनगर थाना क्षेत्र के रविन्द्र नगर कॉलोनी गली नंबर 8 निवासी अमर पाल ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ 20 फरवरी को साली की शादी में गए थे। शादी से सुबह 3 बजे लौटे तो घर का ताला खुला पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखी अलमारी का गेट टूटा हुआ था। अलमारी में रखी नगदी और जेवरात गायब थे। जिसमें चांदी की पायल, चांदी का मंगलसूत्र, सोने का टीका, सोने की चेन, अंगूठी, कुंडल और 20 हजार रुपये की नगदी गायब थी। उसके बाद डायल 112 पर कॉल करके चोरी की सूचना दी।

# रंजिशन झोलाछाप की हत्या में पिता-पुत्रों को उम्रकैद

विधि संवाददाता, बरेली

- छह साल पुराने हत्याकांड में अदालत ने तीनों दोषियों पर 50-50 हजार जुर्माना भी लगाया

अमृत विचार: पुरानी रंजिश में छह वर्ष पूर्व झोलाछाप कुंवरसेन की धारदार हथियारों से हत्या करने के मामले में अदालत ने सख्त फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश-5 तबरेज अहमद ने थाना क्योलड़िया क्षेत्र के ग्राम मैथी नवदिया निवासी भूपराम तथा उसके दो पुत्रों उमेश उर्फ उमेंद्र और पवन को दोषी करार देते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। प्रत्येक पर 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी अधिवक्ता दिगम्बर पटेल और मनोज वाजपेई ने अदालत में सात गवाह पेश किए। घटना 19 जून 2020 की है, जब कुंवरसेन गांव में बरात में शामिल होने जा रहे थे। आरोप है कि लेखपाल फकीरचन्द्र के मकान के सामने घात लगाए बैठे आरोपियों ने उन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल कुंवरसेन को सीएचसी नवाबगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी मंजूरानी ने तहरीर में बताया था कि घटना के पीछे पुरानी रंजिश थी। अदालत में दिए बयान में उन्होंने कहा कि घटना से सात-आठ माह पूर्व गांव में भूपराम को लेकर एक अफवाह फैली थी, जिससे नाराज होकर उसने उनके परिवार से दुश्मनी मान ली थी। इसी रंजिश में उनके पति की हत्या कर दी। अदालत ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर तीनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए कड़ी सजा सुनाई।

## शंकराचार्य के खिलाफ मुकदमे के विरोध में आज ज्ञापन देगी कांग्रेस

बरेली, अमृत विचार : कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराते हुए शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के विरुद्ध दर्ज यौन शोषण के मुकदमे को लेकर कड़ा ऐतराज जताया है। कांग्रेस प्रवक्ता पंडित राज शर्मा का कहना है कि इस कार्रवाई से सनातन धर्म की छवि धूमिल हुई है। कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने निर्णय लिया है कि इस विषय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से सौंपा जाएगा। ज्ञापन में मांग की जाएगी कि शंकराचार्य के खिलाफ दर्ज मुकदमे को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बुधवार को दोपहर 12:00 बजे चौधरी चरण सिंह पार्क पर एकत्रित होंगे, जहां से जिला अधिकारी कार्यालय तक जाकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# नौकरी का लालच देकर लाखों रुपये की ठगी, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- इंप्लॉयमेंट मंत्रा नाम के कार्यालय में ऑनलाइन भेजा था बायोडाटा

अमृत विचार: नौकरी लगवाने के नाम पर कई लोगों से लाखों रुपये की ठगी कर ली गई। पैसे देने के बाद भी नौकरी नहीं मिलने पर पीड़ित को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ। उसने एसएसपी से मामले की शिकायत की। इसके बाद प्रेमनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कैंट थाना क्षेत्र के चनहेटा निवासी ललित कुमार ने बताया कि उन्होंने अपना बायोडाटा प्रेमनगर क्षेत्र के जवाहर नगर स्थित एक 'इम्प्लॉयमेंट मंत्रा' नाम के कार्यालय में ऑनलाइन दिया था। कुछ दिन बाद उसके पास कॉल आई और बताया गया कि उसे एलएंडटी फाइनेंस कंपनी में डॉक्यूमेंट कलेक्शन का काम मिलेगा। प्रतिमाह 17 हजार रुपये वेतन और प्रति किलोमीटर पेट्रोल भत्ता देने का लालच दिया गया।





आरोप है कि कंपनी मैनेजर बनकर बात करने वाले सौरभ गुप्ता उर्फ लोकेश कुमार मिश्रा ने समझाया कि ग्राहकों से मिलकर उनके मूल आधार कार्ड देखकर फोटो खींचे और कंपनी के व्हाट्सएप पर भेजे। इसके बाद आरोपी ने चेक बैंक में लगवाकर भुगतान निकलवाने और अलग-अगल खातों में यूपीआई आईडी में रकम ट्रांसफर कराने के निर्देश दिए। ललित कुमार के अनुसार 62,480 रुपये, 48,400 रुपये, 49,400 रुपये, 39,600 रुपये समेत अन्य कई किश्तों में रकम अलग-अगल खातें में यूपीआई आईडी में ट्रांसफर कराई गई। कुछ रकम बैंक ऑफ बड़ौदा और फिनो पेमेंट बैंक के खातों में भी जमा कराई गई।

आरोप है कि नौकरी की नियुक्ति पत्र 2 फरवरी 2026 को देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन बाद में संपर्क बंद हो गया। तय पीड़ित को अपने साथ ठगी का अहसास हुआ। एसएसपी के आदेश पर प्रेमनगर पुलिस ने आरोपी सौरभ गुप्ता उर्फ लोकेश कुमार मिश्रा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सबसे पुराना दवाखाना
गुप्त रोगी मिलें
हर तरफ से निराश रोगी मिलें



बवासीर, शीघ्रपतन, नामर्दी, बे-औलाद रोगी मिलें
भारत प्रसिद्ध
गोल्ड मेडलिस्ट
डा. शेख
हर मंगलवार
निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिलें
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन
दर्द रहित उपचार
बवासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता
क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

## नाबालिग भतीजी संग दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष कैद

बरेली, अमृत विचार : नाबालिग भतीजी संग दुष्कर्म के दोषी चाचा मुनेन्द्र को स्पेशल जज पाक्सो एक्ट कोर्ट नरेन्द्र प्रकाश ने 20 वर्ष कारावास व 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। आरोपी ने पीड़िता को बहला फुसलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म किया था।

पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। सरकारी वकील कुलदीप श्रोतिय ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना सुभाषनगर में तहरीर देकर बताया था कि बदायूं निवासी भाई मुनेन्द्र बेटी को बहला फुसलाकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। अभियोजन ने 6 गवाह पेश किये। कोर्ट ने परीक्षण में दोषी पाते हुए मुनेन्द्र को सजा सुनाई।

# लंगड़ाता हुआ जेल गया जिला बदर ऋषभ ठाकुर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

अमृत विचार: जिला बदर होने के बाद भी शहर में रुककर स्पा संचालिका से रंगदारी मांगने वाले जिला बदर ऋषभ ठाकुर को सोमवार को बारादरी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके बाद मंगलवार को जेल जाते समय जिला बदर ऋषभ ठाकुर लंगड़ाते हुए दिखाई दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



राजेंद्रनगर के कैफे में छात्रों से मारपीट, स्पा सेंटर संचालिका से रंगदारी मांगने का ऑडियो और खुद को शहर का आतंक बताने वाला ऋषभ ठाकुर जिला बदर किए जाने के बावजूद शहर में घूम रहा था। 4 फरवरी 2026 को उसे बरेली से बदायूं की सीमा में छोड़ा गया था। स्पा संचालिका से रंगदारी मांगने के ऑडियो से लेकर जिले में अपना आतंक बताने की ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। सोमवार को बारादरी पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि जिला बदर ऋषभ ठाकुर को मंगलवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

### रिमांड अर्जी खारिज

बरेली, विधि संवाददाता : ऋषभ ठाकुर की रिमांड अर्जी अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम दीपक कुमार मिश्र ने खारिज कर दी। कोर्ट ने आदेश में कहा कि एफआईआर दर्ज होने से लेकर गिरफ्तारी तक पुलिस यह साबित नहीं कर सकी कि संबंधित फोन नंबर आरोपी का ही है। मामले में सात वर्ष तक की सजा वाली धाराएं होने के आधार पर रिमांड नामंजूर की गई। साथ ही कोर्ट ने विवेचक की लापरवाही की जांच के लिए एसएसपी को आदेश की प्रति भेजी है। हालांकि जिला बदर के बाद शहर में पाए जाने पर आरोपी को जेल भेज दिया गया

## सेंट्रल जेल में बंद कैदी की इलाज के दौरान मौत

बरेली, अमृत विचार: हत्या के मामले में सजा काट रहे मुरादाबाद निवासी कैदी की मंगलवार की सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद जेल प्रशासन ने परिजनों को सूचना देकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव उनके सुपुर्द कर दिया।

जिला मुरादाबाद के गांव आसपुर निवासी हरि किशोर पिछले करीब 10 वर्षों से हत्या के एक मामले में सजा काट रहे थे। वह बीते 6 सालों से बरेली सेंट्रल जेल में बंद थे। मृतक की पत्नी सुमन ने बताया कि पिछले लगभग एक महीने से हरि किशोर के पेट में दर्द की शिकायत थी और उनकी तबीयत लगातार खराब चल रही थी। हालत बिगड़ने पर जेल प्रशासन ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान मंगलवार की सुबह उनकी मौत हो गई। सुमन ने बताया कि परिवार के चार सदस्य सजा काट रहे थे। हरि किशोर अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और चार बेटियों को छोड़ गए हैं।

# असामाजिक गतिविधि पर कड़ी कार्रवाई करे पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसएसपी ने लंबित विवेचनाएं जल्दी निपटाने के निर्देश दिये

अमृत विचार: दैनिक अपराध एवं होली के त्योहार पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसएसपी अनुराग आर्य ने मंगलवार को गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा गोष्ठी की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिए की लंबित पड़ी विवेचनाओं का निस्तारण जल्दी किया जाये। साथ ही होली पर किसी भी असामाजिक गतिविधि पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए।एसएसपी अनुराग आर्य की इस ऑनलाइन मीटिंग में जिले के सभी अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी शामिल हुए। एसएसपी ने जिले में सभी घटनाओं की विस्तृत समीक्षा करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्राधिकारियों के पर्यवेक्षण में लंबित एवं पूर्ण विवेचना के शीघ्र निस्तारण करने को कहा। सभी विवेचकों को प्रत्येक मुकदमे को ई साक्ष्य एप पर लिंक करने एवं लंबित एसआईडी को संबंधित मुकदमे से लिंक करने के निर्देश दिए। होली पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। कहा कि होलिका दहन स्थलों एवं होली जुलूस के मार्गों का भ्रमण करके आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि पिछले साल होली के दौरान हुए विवादों और डायल 112 पर प्राप्त इवेंट्स की समीक्षा कर संबंधित क्षेत्र में विशेष सतर्कता रखी जाए। थाना प्रभारी को निर्देश दिये कि संवेदनशील पॉइंट्स पर ड्यूटी चार्ट बनाकर पुलिस ड्यूटी लगाने, क्रिस्टल मोबाइल बनाकर गश्त सुनिश्चित की जाए। एसएसपी ने निर्देश दिए कि होली पर किसी असामाजिक गतिविधि पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए।

### रमजान-होली, पुलिस ने गश्त करके परखी सुरक्षा



बरेली, अमृत विचार : होली का त्योहार रमजान माह में पड़ रहा है। ऐसे में होली और रमजान शंतिपूर्ण तरीके से समपन्न कराने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। मंगलवार को बारादरी पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में पैदल मार्च निकालकर लोगों से शांति व्यव्स्था बनाए रखने की अपील की है। होली और रमजान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो उसको लेकर सभी थाना स्तर पर संवेदनशील इलाकों में निगरानी की जा रही है। मंगलवार को बारादरी थाना क्षेत्र के मुस्लिम बहुल इलाके सैलानी पुराना शहर आदि जगहों पर पुलिस फोर्स ने पैदल गस्त करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि होली और रमजान एक साथ होने के चलते सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरती जा रही है मंगलवार को पुलिस फोर्स ने संवेदनशील इलाके में पैदल गस्त करके लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

**सिटी ब्रीफ**

### रुविवि में एनएसएस के अंशकालिक समन्वयक पद पर आवेदन आमंत्रित

**बरेली, अमृत विचार** : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव हरीश चंद ने पद के लिए विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि पद से संबंधित विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट mjpru.ac.in पर उपलब्ध है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित शर्तों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आवेदन के लिए अंतिम तिथि 11 मार्च निर्धारित की गई।

### दलाई लामा का 90वां जन्मोत्सव मनाने की तैयारी

**बरेली, अमृत विचार** : भारत तिब्बत सहयोग मंच की महत्वपूर्ण बैठक बरेली में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मंच के राष्ट्रीय महामंत्री कपिल त्यागी और मेरठ प्रांत के अध्यक्ष डॉ. संदीप चौधरी उपस्थित रहे। बैठक में दलाई लामा के 90वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक के समापन पर ब्रज प्रांत अध्यक्ष शैलेंद्र विक्रम ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि बरेली और आसपास के जिलों में संगठन का विस्तार तीव्र गति से किया जाएगा।

### मलिन बस्तियों में जल्द शुरू होगा सड़क और नाली निर्माण

**बरेली, अमृत विचार** : नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि मलिन बस्तियों के विकास की कार्ययोजना को शासन से स्वीकृति मिल गई है। इसके तहत वार्ड-10 के मुंशीनगर में 14 गलियों में सीसी रोड, नाली और सीवर लाइन का निर्माण होगा। वार्ड-46 में वैद्यजी गंगवार की दुकान से रक्षपाल के मकान तक, वार्ड-19 की संतनगर कॉलोनी और वार्ड-55 के सैदपुर हाकिंस में स्मार्ट सिटी अस्पताल के पास की गलियों में भी सड़क और नाली निर्माण कार्य किया जाएगा।

# ऑनलाइन शॉपिंग से आधा रह गया व्यापारियों का करोबार

- होली त्योहार नजदीक होने के बावजूद बाजारों में पसरा है सन्नाटा
- कचरी-पापड़ की दुकानों पर कम आ रहे खरीददार, व्यापारी परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते प्रभाव से होली जैसे प्रमुख त्योहारों में भी स्थानीय व्यापार, खासकर छोटे किराना और रिटेल दुकानदारों को काफी चुनौती मिल रही है। त्योहार नजदीक होने के बावजूद बाजारों में सन्नाटा पसरा है, जिससे दुकानदार परेशान हैं। कचरी-पापड़ की दुकानों पर कम खरीदार नजर आ रहे हैं। कारोबार खत्म होता नजर आ रहा है।



श्यामगंज बाजार में ग्राहकों के इंतजार में दुकानें। ● अमृत विचार

#### एक समय था जब ग्राहक करते थे इंतजार

जब से ऑनलाइन की खरीदारी शुरू हुई है, तब से हमारा काम बंद होने के कगार पर है। ऑनलाईन शॉपिंग कंपनियों के डिस्काउंट और मूल्य निर्धारण पर नियंत्रण होना चाहिए। लोकल फॉर वोकल अभियान को जमीनी स्तर पर लागू किया जाए। एक समय था त्योहारों के समय दुकान पर बैठने का समय नहीं होता था, ग्राहकों को सामान देने के लिए उन्हें रुकने के लिए कहना पड़ता था, मगर अब हालात इससे विपरित हैं। – **धनीराम**, व्यापारी श्यामगंज

#### गहरी छूट और दिखावे में फंस रहे ग्राहक

अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले छोटे दुकानदार और पारंपरिक व्यापारी इन दिनों बेहद कठिन दौर से गुजर रहे हैं। ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्मों की बढ़ती लोकप्रियता और गहरी छूट के दिखावे की नीतियों ने स्थानीय दुकानों को खाली कर दिया है। इसे लेकर दुकानदारों ने कई बार विरोध भी किया था। रही सही कसर टूटी सड़कें पूरी कर दे रही हैं। – **कन्हैया**, व्यापारी श्यामगंज बाजार

#### बाजार की सड़क भी बन रही बाधा

एक तो सड़कों की हालत के चलते लोग वैसे ही नहीं आ रहे। जो थोड़ी बहुत जो काम बचा था उसे ऑनलाइन शॉपिंग ने खत्म कर दिया है। ऑनलाइन में अच्छी क्वालिटि के फोटो को देख कर ग्राहकों को लगता है कि सामान बहुत उच्च गुणवत्ता का होगा, जबकि ऐसा होता नहीं है। – **कपिल, व्यापारी**, श्यामगंज बाजार

#### मोहल्ले की दुकानें बंद होने के कगार पर

ऑनलाइन कंपनियों की अनुचित मूल्य नीति, भारी छूट और सरकारी समर्थन ने व्यापार को बर्बादी की कगार पर पहुंचा दिया है। ऑनलाइन खरीदारी बढ़ने से मोहल्ले की दुकानें बंद हो रही हैं। मज़दूरों और कर्मचारियों का रोजगार छिन रहा है। कई बार ऑनलाइन उत्पाद नकली या खराब निकलते हैं और ग्राहक शिकायत भी नहीं कर पाते। – **विष्णु**, व्यापारी श्यामगंज बाजार

## पांच हजार आयुष्मान कार्ड रोज बनाएं : सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आयुष्मान योजना को लेकर सीडीओ ने बैठक कर दिए निर्देश

**अमृत विचार** : विकास भवन में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ सीडीओ देवयानी ने बैठक कर मरीजों के इलाज और आयुष्मान कार्ड बनाने पर चर्चा की। सीडीओ ने रोजाना पांच हजार कार्ड बनाने की लक्ष्य देते हुए सभी को सख्त निर्देश दी।

बरेली जनपद काफी समय से आयुष्मान योजना में अव्वल रहा है। आयुष्मान योजना के तहत आठ लाख कार्ड बना कर लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य दिया गया है। जिसे विभाग रोजाना ढाई हजार तक बना रहा था। सीडीओ ने बैठक में रोजाना पांच हजार बनाने का लक्ष्य देते हुए साफ किया कि इस लक्ष्य को हर हाल में पूरा करना पड़ेगा। ऐसा न करने वाले अधिकारी कार्रवाई झेलने के लिए तैयार रहे। अभी हालही में आयुष्मान कार्ड बनाने के चल रहे विशेष अभियान की शासन से जारी मासिक रिपोर्ट में बरेली को प्रदेश में पहला स्थान मिला था। जिसमें 15 जनवरी से चल रही मुहिम में 15 फरवरी तक बरेली में 51,093 कार्ड बनाए गए थे। विभागीय रिकॉर्ड के अनुसार, पिछले वर्ष तक बरेली में आयुष्मान योजना में 320021 परिवारों के कार्ड बनाए जा चुके हैं।

# वन टाइम टैक्स के विरोध में टैक्सी चालकों का प्रदर्शन

### आरटीओ दफ्तर पर प्रदर्शन कर पुरानी व्यवस्था बहाली की मांग की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: प्रदेश सरकार के टैक्सी वाहनों पर लागू किए गए वन टाइम टैक्स के फैसले को लेकर टैक्सी संचालकों और मालिकों की चिंता बढ़ गई है। मंगलवार को टैक्सी मालिकों और चालकों ने कलेक्ट्रेट और अरटीओ कार्यालय के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान आरटीओ प्रवर्तन को ज्ञापन सौंपकर सरकार से पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग की।

ट्रैवल एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने बताया कि पहले टैक्सी मालिक तिमाही, छमाही या वार्षिक आधार पर टैक्स जमा कर सकते थे। नई व्यवस्था से छोटे वाहन मालिकों पर अचानक आर्थिक दबाव बढ़ गया है।

मुकेश सिंह राठौर ने कहा कि प्रत्येक टैक्सी पर लगभग एक से डेढ़ लाख रुपये का वन टाइम टैक्स जमा करना होगा, जो सामान्य चालकों और मालिकों के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण है। ज्ञापन में सरकार से पुरानी गाड़ियों के लिए तिमाही, वार्षिक और लाइफ टाइम टैक्स के पुराने विकल्प बहाल करने की मांग की गई है। प्रदर्शनकारियों ने ऑनलाइन पेनल्टी, ई-चालान और वाहन सीज करने जैसी कार्रवाई रद्द करने की मांग की। ज्ञापन में एसोसिएशन ने चेतावनी दी यदि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। गौरव चौहान, सतेंद्र, सोनू पाल, वीरेंद्र पाल, अर्पित पटेल, सतेंद्र मौर्य, मुकेश गुलाटी, मुनाजिर रजा, शर्मा, विकास कुमार, विजय गुर्जर, देवेंद्र सिंह पाल, पिंटू राणा, अनिल श्रीवास्तव, राहुल शर्मा, महेंद्र पटेल आदि शामिल हुए।




आरटीओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते टैक्सी मालिक व चालक। ● अमृत विचार

- ट्रैवल एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने मांगें पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

## आकाशवाणी केंद्र में निकला कोबरा सांप मची अफरा-तफरी

**बरेली, अमृत विचार**: आकाशवाड़ी केंद्र में कोबरा सांप निकलने से कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। उसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई। वन विभाग की टीम ने कोबरा को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया।

- वन विभाग की टीम ने पकड़कर जंगल में छोड़ा

कैंट थाना क्षेत्र स्थित बुखारा मोड़ पर बने आकाशवाणी केंद्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब परिसर में एक जहरीला सांप दिखाई दिया। सांप दिखते ही कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के रेंजर ने बताया कि करीब 3 बजे कार्यालय परिसर में सांप दिखने की सूचना मिली थी। टीम ने सावधानीपूर्वक रेस्क्यू कर सांप को पकड़ लिया।

पकड़ा गया सांप करीब 5 फीट लंबा कोबरा था। टीम ने उसे सुरक्षित तरीके से डिब्बे में बंद किया और बाद में चौबारी क्षेत्र के जंगल में छोड़ दिया।

# होली से पहले छापे, छह दुकानों से भरे नमूने



नई बस्ती में घी का सैंपल लेती टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने घी, खोया, पनीर, सौंफ आदि के लिए सैंपल

**अमृत विचार**: होली नजदीक आते ही मिलावटखोरों की नींद उड़ाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। मंगलवार को अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर दुकानों से खाद्य पदार्थों के छह नमूने भरे गए।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी के दौरान पीलीभीत रोड के सतीपुर चौराहा स्थित फौजी पनीर भण्डार से घी का नमूना लिया। वहीं, नई बस्ती में गोपाल घी स्टोर से रिफाइन्ड राइस ब्रान ऑयल की सैंपलिंग की गई। इसके अलावा शीशगढ़ के वीके ट्रेडर्स से नमकीन और नूरी ट्रेडर्स से वनस्पति और सौंफ का नमूना भरा गया। बहेड़ी की मुरादाबादी रजा दूध डेयरी से खोया का एक नमूना भरा। टीम की मौजूदगी से अफरा-तफरी का माहौल रहा। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि त्योहार के नाम पर मिलावट किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## महादेव पुल के नीचे से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार** : कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे की अध्यक्षता में व्यापारियों के साथ बैठक की गई। व्यापारियों ने समस्याएं बतायीं तो एडीएम सिटी ने फौरन निराकरण के आदेश दिए। एडीएम सिटी ने महादेव पुल के नीचे हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर निगम को तो जाम खत्म करने के लिए एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खां को निर्देश दिए।

बैठक में व्यापारियों ने बताया कि महादेव पुल के नीचे अतिक्रमण अधिक होने के कारण वहां सार्वजनिक रास्ता बंद हो जाता है। साथ ही शिवाजी मार्ग से अलमगिरीगंज क्षेत्र में दिन के समय अत्यधिक चौपहिया वाहन व ई-रिक्शा की वजह से जाम लगता है। इस पर एडीएम सिटी ने एसपी ट्रैफिक को उस मार्ग को वन-वे करने के निर्देश दिए।

इसी क्रम में व्यापारियों ने बताया कि सीएम ग्रिड योजना के कारण सभी जगहों पर सड़कें बदहाल हैं। इस पर नगर निगम को निर्देशित किया गया कि शीघ्र सड़क को सही कराया जाए।

## छात्राओं ने सीखे प्राथमिक उपचार के तरीके



आपदा के समय प्राथमिक उपचार के तरीके सीखती छात्राएं। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार** : साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवायोजना के सात दिवसीय शिविर में लगभग 70 छात्राओं को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। नागरिक सुरक्षा कोर के सहायक उपनियंत्रक प्रमोद डागर ने छात्राओं को मानवीय बैसाखी बनाकर घायलों को उपचार स्थल तक सुरक्षित पहुंचाने के अनेक तरीके बताए। छात्राओं ने सिंगल हैंडशीट, टू हैंडशीट, थ्री हैंडशीट, फोर हैंडशीट बनाकर घायलों को उपचार के लिए पहुंचाना सीखा। इसके अतिरिक्त छात्राओं ने कंबल व बांस की मदद से स्ट्रेचर बनाकर घायलों को निकालना भी सीखा। इस दौरान डिवीजनल वार्डन दिनेश यादव, अनिल कुमार शर्मा, स्टाफ आफिसर आलोक शंखधर, डिप्टी पोस्ट वार्डन ओम प्रकाश व दीपांश दीप, राष्ट्रीय सेवायोजना अधिकारी डॉ. प्रीती सिंह और डॉ. अनीता उपस्थित रहे।

## मौलाना बोले- इजरायल यात्रा रद् करें पीएम मोदी

**बरेली, अमृत विचार**: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इजरायल दौरा अब मुस्लिम उलमा को खटक रहा है। बरेली के मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने इसकी आलोचना की। प्रधानमंत्री के नाम लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने गाजा के मुसलमानों का नरसंहार किया है, लिहाजा प्रधानमंत्री को अपनी इजरायल यात्रा टाल देनी चाहिए।

मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने मंगलवार बताया कि उन्होंने भारत के करोड़ों सुन्नी और शिया मुसलमानो की भावनाओं से प्रधानमंत्री को अवगत कराया है। उन्होंने पत्र में लिखा कि इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में नरसंहार किया, हजारों औरतों-बच्चों का कत्ले आम किया है। इंटरनेशनल कोर्ट ने नेतन्याहू के खिलाफ फैसला देकर गिरफ्तारी वारंट जारी किया। भारत ने हमेशा फिलीस्तीन का समर्थन किया है।

## आईएमए ने ऊर्जा बचत में योगदान का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने मंगलवार को पीएम सूर्य घर योजना के जरिये पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा बचत की दिशा में सक्रिय योगदान देने का संकल्प व्यक्त किया। योजना से होने वाले लाभ पर आईएमए के सदस्यों के साथ चर्चा की गई। आईएमए बरेली की ओर से मंगलवार को पीएम सूर्य घर योजना के संबंध में आईएमए हॉल में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में निजी चिकित्सालयों, क्लीनिकों एवं अन्य चिकित्सा संस्थानों-प्रतिष्ठानों को योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान कर प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दिशा-निर्देश साझा किए गए। बैठक में योजना से होने वाले लाभ, उसकी पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की गई। उपस्थित चिकित्सकों को अपने प्रतिष्ठानों में सोलर ऊर्जा को अपनाने तथा योजना का अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रेरित भी किया गया। इस अवसर पर आईएमए बरेली के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, सचिव डॉ. अंशु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉ. शालिनी माहेश्वरी, डॉ. रवि मेहरा, डॉ. आर.जी. शर्मा, डॉ. हिमांशु अग्रवाल, डॉ. शम्मी पुरवार, डॉ. के.सी. गुप्ता, डॉ. अजय कुमार गुप्ता, डॉ. राकेश कुमार (एसीएमओ) एवं डॉ. अमित सिंह (एसीएमओ) सहित अनेक वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे।



आईएमए की बैठक में पीएम सूर्यघर योजना की जानकारी देते पदाधिकारी।

# वार्ड 62 व 48 से दूर होगा जलभराव

अमृत विचार IMPACT

कार्यालय संवाददाता, बरेली



जोगी नवादा : गलियों में डूब गए बेहतर जलनिकासी के दावे

नाला चोक होने की वजह से जलभराव, लोग घरों से निकलने से कतरा रहे, स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा हो रही परेशानी

शुक्रवार के अंक में प्रकाशित खबर। ● अमृत विचार

- अमृत विचार में चक महमूद और जोगी नवादा को लेकर प्रकाशित खबरों का लिया संज्ञान
- अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी गठित कर सात दिन में मांगी रिपोर्ट

**अमृत विचार**: वार्ड-62 चक महमूद और वार्ड-48 जोगी नवादा की गलियों में लंबे समय से जलभराव और गंदगी की समस्या से स्थानीय लोगों को जल्द निजात मिल सकती है। बीते दिनों उनकी आवाज अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाई। इसके बाद अफसरों को स्थिति की गंभीरता का अहसास हुआ। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने तत्काल प्रभाव से अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति गठित की है।

समिति के अध्यक्ष अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय होंगे, जबकि मुख्य अभियंता मनोई अवस्थी, महाप्रबंधक जल मनोज कुमार आर्य और सहायक अभियंता जल अजीत सिंह इसके सदस्य हैं।

> जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान निकालने के उद्देश्य से तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है, जो वार्डों में जाकर स्थिति का आकलन करेगी और आवश्यक सुझाव प्रस्तुत करेगी। जल निकासी और सफाई की समस्या का जल्द ही स्थायी समाधान निकलेगा। – **संजीव कुमार मौर्य**, नगर आयुक्त

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने समिति को वार्डों में जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, जलभराव रोकने के लिए प्रभावी उपाय सुझाने और सफाई कर्मचारियों की कार्यप्रणाली में सुधार लाने का दायित्व दिया गया है। समिति एक सप्ताह में वार्डों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। दोनों ही वार्डों के कई गलियों में जलभराव के कारण न केवल आवागमन में दिक्कतें होती थीं, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ रहे थे। स्थानीय नागरिक समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

**सहूलियत** टेलीमेडिसिन सेवा गांवों में रहने वाले मरीजों के लिए बनी संजीवनी, शहर आने-जाने के नहीं लगाने पड़ रहे चक्कर

# घर बैठे मिल रहा इलाज, बच रहा मरीजों का समय और पैसा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : टेलीमेडिसिन ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत बनकर उभरा है। अब सर्दी, जुकाम, बुखार, डायबिटीज, बीपी और अन्य सामान्य बीमारियों के मरीजों को जिला अस्पताल की लंबी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ता। इससे उनका समय और आने-जाने का खर्च दोनों बच जाता है। वहीं क्रिटिकल मरीज को भी फर्स्ट ऐड मिलने से उसकी जान बचने की संभावना भी बढ़ जाती है। इसके लिए तीन डॉक्टर रोजाना ऑनलाइन ओपीडी के जरिये घर बैठे ही मरीजों को परामर्श दे रहे हैं। हर माह करीब आठ हजार मरीज इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं।

कोविड संक्रमण काल में गांव-देहात के मरीजों के लिए जिला अस्पताल में बना टेलीमेडिसिन कक्ष अब ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा की मजबूत कड़ी बन चुके हैं। हेल्थ एंड वेलफेयर सेंटर पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) मरीजों से पहले बातचीत करते हैं, उनकी समस्या और जरूरी जांच की जानकारी लेते हैं। इसके बाद वह जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करते हैं। इसके बाद जिला अस्पताल में मौजूद डॉक्टर वीडियो कॉल, मोबाइल सेवा और अन्य डिजिटल माध्यम से मरीजों को परामर्श देते हैं। इस व्यवस्था से मरीजों का समय और शहर आने-जाने का किराया दोनों बच रहा है। पहले सामान्य बीमारी में भी लोगों को कई किलोमीटर दूर जिला अस्पताल आना पड़ता था, जिससे दिनभर का समय और मजदूरी प्रभावित होती थी। अब गांव में ही प्राथमिक जांच और डॉक्टर से सीधा डॉक्टरों से संवाद हो रहा है। डॉ. ऋषभ शुक्ला, डॉ. मानस और डॉ. आरिफ ने बताया कि ऑनलाइन ओपीडी के जरिये हर महीने लगभग आठ हजार मरीज परामर्श ले रहे हैं। इसमें सबसे अधिक संख्या सर्दी-जुकाम, वायरल बुखार और डायबिटीज के मरीजों की है। जरूरत पड़ने पर ही मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि टेलीमेडिसिन सुविधा से इलाज आसान हुआ है। खासकर बुजुर्ग और महिलाओं को अस्पताल की भीड़ से राहत मिली है।



टेली मेडिसिन सेवा में मरीज को परामर्श देते डॉक्टर। ● अमृत विचार

#### सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलती है सेवा

गांव में खुले हेल्थ वेलफेयर सेंटर पर कोई डॉक्टर तैनात नहीं होता। वहां पर सीएचओ की ड्यूटी होती है। जो एएनएम के लगभग जानकारी रखता है। सेंटर पर सुबह 9 बजे से मरीजों का आना शुरू हो जाता है और वह शाम 5 बजे तक वहां से इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं।

#### जिले के दूरदराज के गांवों में खुले हैं 50 सेंटर

शहर में जिला अस्पताल के साथ सैकड़ों प्राइवेट अस्पताल हैं। वहीं शाही, शीशगढ़, शेरगढ़, अगरास समेत सैकड़ों गांव ऐसे हैं। जहां से जिला अस्पताल आने का सीधा साधन नहीं है। वहां से आने में पूरा दिन लग जाता है। ऐसे ही दूरस्थ गांवों में इस तरह के 50 सेंटर खोलकर ग्रामीणों को इसका लाभ दिया जा रहा है।

> तीन डॉक्टरों की टीम सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक जिला अस्पताल में बने ई-संजीवनी और टेली मेडिसिन कक्ष में बैठकर मरीजों की बीमारी सुनकर, देखकर परामर्श देती है। सभी सेंटरों पर पर्याप्त दवाइयां हैं। इससे गांव के मरीजों का लाभ पहुंच रहा है। – **डॉ. विश्राम सिंह**, सीएमओ

- एक माह में आठ हजार मरीजों की ओपीडी कर रहे तीन डॉक्टर
- फर्स्ट एड मिलने से क्रिटिकल मरीजों की जान बचाने में मददगार

## टेट अनिवार्यता पर दूसरे दिन भी जारी रहा विरोध-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता। बरेली

**अमृत विचार**: टेट की अनिवार्यता को लेकर शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। मंगलवार को भी शिक्षकों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर कार्य किया। शिक्षकों का कहना है कि टेट को अनिवार्य किए जाने से बड़ी संख्या में कार्यरत शिक्षकों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो सकता है।

शिक्षक नेता हरीश बाबू शर्मा ने बताया कि सोमवार की तरह शिक्षकों ने मंगलवार को भी काली पट्टी बांधकर कार्य किया। कहा कि टेट लागू करने का विरोध का आगे भी जारी रहेगा।

उनका कहना है कि जब तक अनिवार्यता के आदेश पर पुनर्विचार नहीं किया जाता, आंदोलन चरणबद्ध तरीके से चलता रहेगा। शिक्षकों ने ऐलान किया है कि 26 फरवरी को बीएसए कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।



हाथ में काली पट्टी बांधकर स्कूल में काम करते शिक्षक।

- काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने किया कार्य, बीएसए कार्यालय पर 26 फरवरी को देंगे धरना

अमृत विचार
बरेली, बुधवार, 25 फरवरी 2026



## सिटी ब्रीफ

### परमात्मा की शरण में जाने से तीनों तापों का हो जाता है नाश

अमृत विचार, बरेली : चौबारी क्षेत्र में रामगंगा तट पर जय देवी संस्कृत माध्यमिक विद्यालय एवं गौशाला परिवार द्वारा द्वारा आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस में कथा व्यास आचार्य मुनीश्वर महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन को समझाया। उन्होंने कहा कि हर हाल में हमें भगवान की भक्ति करना चाहिए, साथ ही भगवान की लीलाओं का वर्णन कर गोवर्धन की भी कथा सुनाई। कथा में परीक्षित रूप में सतीश कुमार सिंह रहे एवं नित्य प्रति चल रहे यज्ञ में यज्ञाचार्य अनिल कुमार शर्मा एवं आचार्य ब्रह्म स्वरूप शर्मा द्वारा किया गया। पूजन एवं यज्ञ भी संपन्न हुआ। आचार्य देवेश मिश्र ने बताया कि सभी के सहयोग से हर वर्ष स्वामितआनंद गिरि महाराज की कृपा से यज्ञ किया जाता है। इस वर्ष लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का विशाल आयोजन हो रहा है एवं 26 फरवरी को पूर्ण आहुति प्रसाद वितरण है।

### तृतीय व पंचम सेमेस्टर की आंतरिक और पर्यात्मक परीक्षाओं की तिथि बढ़ी

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत संचालित स्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों (बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, बीएससी गृहविज्ञान, बीवीओसी रिटेल व हेल्थ केयर आदि) की तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर सत्र 2025–26 की बाह्य प्रायोगिक व आंतरिक परीक्षाओं की तिथि 25 फरवरी तक बढ़ा दी। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने बताया कि सभी संबद्ध महाविद्यालयों को उक्त तिथि तक आंतरिक एवं प्रायोगिक परीक्षाएं संपन्न कर विश्वविद्यालय पोर्टल पर अंक अपलोड करना अनिवार्य होगा। उन्होंने स्पष्ट किया है कि 25 फरवरी के बाद किसी भी परिस्थिति में अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निर्धारित समय सीमा में अंक अपलोड न करने वाले महाविद्यालयों के परिणाम घोषित करने पर विचार नहीं किया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय की होगी।

# इन्वर्टिस में सुनिधि चौहान की मखमली आवाज पर जमकर थिरके छात्र, छायी मस्ती

कार्यालय संवाददाता, बरेली


इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी के वार्षिक महोत्सव इन्वर्शिया के दौरान मंच पर पुरस्कारों के साथ विजेता छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार


सुनिधि चौहान की आवाज पर झूमते छात्र और कुलाधिपति उमेश गौतम। ● अमृत विचार

- इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी में इन्वर्शिया के दूसरे दिन सांस्कृतिक रंग बिखरे
- संगम 3.0 में नृत्य-संगीत की रही गूंज, विजेता हुए पुरस्कृत

**अमृत विचार :** इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी के वार्षिक महोत्सव इंवर्शिया (स्वरंग) के दूसरे दिन मंगलवार को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम संगम 3.0 में नृत्य और संगीत की शानदार प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। देर शाम शुरू हुए सुप्रसिद्ध गायिका सुनिधि चौहान की मखमली आवाज पर छात्र-छात्राएं जमकर थिरके। कार्यक्रम देर रात तक चला। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। आयोजन कुलाधिपति डॉ. उमेश गौतम और प्रतिकुलाधिपति पार्थ गौतम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में समूह नृत्य, एकल नृत्य, हिप-हॉप, समूह एवं एकल गायन की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नए और पुराने गीतों पर आधारित प्रस्तुतियों के साथ धार्मिक व पंजाबी गीतों पर भी प्रभावशाली प्रदर्शन हुए। अंतर्राष्ट्रीय छात्र की बॉलीवुड गायन प्रस्तुति विशेष आकर्षण रही। निर्णायक मंडल की ओर से परिणाम घोषित किए गए, जिसमें समूह नृत्य में द रूल ब्रेकर्स को फ्यूजन प्रस्तुति के लिए प्रथम स्थान मिला। एकल प्रस्तुति में शौर्य, युगल गायन में कशिश व प्रियांश तथा एकल गायन में मौसम विजेता रहे।

अंजली और मानसी को परफॉर्मर ऑफ द डे चुना गया। रात्रि सत्र में प्रसिद्ध गायिका सुनिधि चौहान के लाइव कॉन्सर्ट ने माहौल को और ऊर्जावान बना दिया। विद्यार्थियों और दर्शकों ने प्रस्तुति का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. वाईडीएस आर्या, मानविकी एवं व्यवहार विज्ञान विभाग के डीन प्रो. पीपी सिंह, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के डीन प्रो. राजेश शर्मा, विभिन्न विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, निर्णायक मंडल की सदस्य लिपि नोगाई व मंजू बजाज उपस्थित रहे।

# कचहरी रोड पर बड़े वाहनों की नो एंट्री, नहीं लगेगा जाम

## बरेली बार एसोसिएशन की पहल लाई रंग, अधिवक्ताओं में खुशी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** कचहरी रोड पर लंबे समय से जारी जाम की समस्या अब समाप्त होने वाली है। प्रशासन ने नई ट्रैफिक व्यवस्था लागू करते हुए इस मार्ग को वनवे घोषित कर दिया है। साथ ही बड़े वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी है। इससे कचहरी क्षेत्र में प्रतिदिन आने वाले सैकड़ों अधिवक्ताओं, वादकारियों और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिली है। पहले अत्यधिक ट्रैफिक दबाव के कारण घंटों जाम की स्थिति बनी रहती थी, जिससे न्यायिक कार्य भी प्रभावित होते थे।

इस महत्वपूर्ण कदम के लिए बरेली बार एसोसिएशन की पहल को सराहा जा रहा है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार हरित ने बताया कि लंबे समय से जाम की समस्या को लेकर प्रशासन से वनवे व्यवस्था लागू करने की मांग की गई थी। एसोसिएशन के सचिव दीपक पांडेय ने कहा कि एसपी ट्रैफिक और एसएसपी ने इस मांग को गंभीरता से लिया और तत्काल प्रभाव से नई व्यवस्था लागू कर दी। अधिवक्ताओं ने भी खुशी जताते हुए कहा कि इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि न्यायिक कार्य भी अधिक व्यवस्थित और सुचारु रूप से संपन्न होंगे। इस बदलाव से न सिर्फ कचहरी रोड का माहौल सुधरा है, बल्कि न्यायिक कार्य और आम नागरिकों की दिनचर्या पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा।


नई व्यवस्था का जायजा लेते बार अध्यक्ष मनोज हरित व अन्य। ● अमृत विचार

- वादकारियों, अधिवक्ताओं और आम नागरिकों को मिलेगी राहत

## बहेड़ी, फरीदपुर और नवाबगंज में बनेगा हेलीपैड

**बरेली, अमृत विचार :** वीआईपी के आवागमन को सुगम बनाने के लिए जिले की बहेड़ी, फरीदपुर और नवाबगंज तहसील में जगह का चयन कर लिया गया है। फरीदपुर और आंवला में भूमि की तलाश जारी है। प्रत्येक तहसील में एक-एक हेलीपैड बनाया जाना है।

जिले में अभी फिलहाल पुलिस लाइन में ही हेलीपैड है। जहां वीआईपी के हेलिकॉप्टर उतारे जाते हैं। शासन के निर्देश पर जिले की सभी तहसीलों में स्थायी हेलीपैड बनाने का जिम्मा पीडब्ल्यूडी को दिया है। प्रत्येक हेलीपैड के लिए करीब 225 वर्ग मीटर भूमि की आवश्यकता होगी। पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन भगत सिंह ने बताया कि बहेड़ी और नवाबगंज में जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। वहीं राजीव अग्रवाल ने फरीदपुर में भी निर्माण की तैयारियां पूरी होने का संकेत दिया है। मीरगंज में प्रस्तावित स्थल के पास हाईटेंशन लाइन गुजर रही है, जिसकी वजह से वहां हेलीपैड निर्माण फिलहाल संभव नहीं है।

# अवैध स्लैब से जलभराव का डर लाजपत नगर के घरों की सुरक्षा दांव पर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** कर्मचारी नगर की लाजपत नगर सोसाइटी में नगर निगम की सड़क पर डाला गया कथित अवैध स्लैब (रैंप)सिर्फ एक निर्माण नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की नाकामी की मिसाल बन गया है। इसको लेकर विवाद गहराता जा रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह अवैध निर्माण करीब 15 दिन पहले कराया गया था, जिसकी शिकायत नगर आयुक्त से की गई थी।उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच का जिम्मा जेई निर्माण को सौंपा। पार्षद ने भी इस पर आपत्ति जताई, लेकिन कार्रवाई शून्य है। ऐसे में बारिश के दिनों में जलभराव से घरों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

स्थानीय महिला रेणु मनोहर ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता के दबाव में नगर निगम के अधिकारी अवैध निर्माण को रोकने में असफल हो रहे हैं। आरोप है कि दलित समाज के तीन मकानों को हटाकर जाट समाज के लोगों को बसाने की योजना चल रही है। इससे पहले सोसाइटी के त्रिवेणी गेट पर भी इसी तरह अवैध निर्माण हुआ था। अब लाजपत नगर की सड़क पर स्लैब डालने की कार्रवाई की गई। केसर वाटिका के लोग भी इसी तरह का निर्माण कराने की तैयारी में हैं। दीपिका, रुचि आदि का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जलभराव से कॉलोनियों में गंभीर हालात पैदा हो सकते हैं। चेतावनी दी है कि यदि नगर निगम ने समस्या का समाधान नहीं किया तो वे अपने घर बेचने को मजबूर होंगे।


लाजपत नगर के मुख्य गेट पर कुछ इस बनाया गया रैंप। ● अमृत विचार

> लाजपतनगर सोसाइटी की मुख्य सड़क पर रैंप बनाने की शिकायत मुझे मिली थी। स्थानीय लोगों ने नगर आयुक्त से शिकायत की थी, मैंने भी इस पर आपत्ति जताई, जिस पर नगर आयुक्त ने निर्माण विभाग के जेई को मौके पर भेजकर जांच करने को कहा था। अब बताया जा रहा है जेई के परिवार में शादी है, वह अवकाश पर हैं। शीघ्र ही समस्या को लेकर फिर नगर आयुक्त से वार्ता की जाएगी। –**वीर प्रताप पटेल**, पार्षद

> नगर निगम की सड़क पर रैंप किस आधार पर बनाया, इसकी जांच निर्माण विभाग के अवर अभियंता को सौंपी थी। निर्माण अगर अवैध तरीके से किया गया है, तो इसे हर हाल में ध्वस्त कराया जाएगा। बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या किसी कीमत पर नहीं होने दी जाएगी।। – **संजीव कुमार मौर्य**, नगर आयुक्त

# फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने छात्रों से साझा किए अनुभव



डिकोड द क्राइम के दौरान विशेषज्ञों के साथ उपस्थित छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फ्यूचर यूनिवर्सिटी में डिकोड द क्राइम का आयोजन

**अमृत विचार :** फ्यूचर यूनिवर्सिटी के फॉरेंसिक विज्ञान विभाग में मंगलवार को आयोजित डिकोड द क्राइम कार्यक्रम में अपराध विज्ञान और वैज्ञानिक जांच से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं विशेषज्ञ व्याख्यानों का आयोजन हुआ। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।मुख्य अतिथि के रूप में बरेली एफएसएल डिप्टी डायरेक्टर जेपी गुप्ता उपस्थित रहे।

विशेषज्ञों ने व्याख्यान में फॉरेंसिक विज्ञान के व्यावहारिक पहलुओं, आधुनिक जांच तकनीकों और इस क्षेत्र में करियर की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अपराध जांच में फॉरेंसिक विज्ञान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और युवाओं के लिए इसमें व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मुकेश गुप्ता ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर बल दिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पोस्टर प्रेजेंटेशन में आयुषी सिंह, मॉडल प्रेजेंटेशन में न्याशा, प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में मानवी शुक्ला, सीएसआई डेमोंस्ट्रेशन में अर्थी तथा क्विज प्रतियोगिता में वरुण विजेता रहे। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। फॉरेंसिक विशेषज्ञ शुभम कुमार गुप्ता और जितेंद्र कुमार वर्मा भी मौजूद रहे।

## बरेली कॉलेज में खो-खो के ट्रायल 27 को

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयीय खो–खो महिला प्रतियोगिता का आयोजन 28 फरवरी को बरेली कॉलेज खेल मैदान में किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए बरेली कॉलेज की टीम का चयन 27 फरवरी को ट्रायल के माध्यम से किया जाएगा। ट्रायल सुबह 11 बजे से शुरु होगे।

**आवश्यकता है**
- कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया
- वार्ड बॉय

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

## किसानों को मिलेगा सिंगल विंडो डिजिटल परामर्श

**बरेली, अमृत विचार :** आईवीआरआई में रविवार को किसान सारथी-कोष पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में देशभर से आए 170 वैज्ञानिकों एवं विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक महानिदेशक (आईसीटी) डॉ. अनिल राय ने कहा कि किसान सारथी किसानों के लिए एक सिंगल विंडो डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो उनकी स्थानीय परिस्थितियों, फसल प्रणाली, पशुपालन पद्धतियों और जलवायु आधारित आवश्यकताओं के अनुरूप परामर्श प्रदान करता है।

यह प्लेटफॉर्म आईवीआरएस, वीडियो कॉल, संदेश सेवा और लाइव प्रदर्शन से युक्त है तथा वर्तमान में 13 भाषाओं में संचालित हो रहा है। संयुक्त निदेशक (शोध) डॉ. एसके सिंह संयुक्त निदेशक (प्रसार शिक्षा) डॉ. रूपसी तिवारी ने भी् तकनीकी जानकारी दी।

# चेहरे पर खुशी ले आया अकाउंट्स का सरल पेपर


परीक्षा देकर स्कूल से निकलती छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सीबीएसई बोर्ड की अकाउंट्स विषय की परीक्षा मंगलवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा देकर स्कूल से निकले छात्रों के चेहरों पर संतोष और खुशी साफ दिखाई दी। अधिकांश विद्यार्थियों ने पेपर को सरल बताया, उनका कहना था कि प्रश्न पत्र सिलेबस के भीतर से ही पूछा गया था।

छात्राओं का कहना था कि पेपर संतुलित और सीधे सवालों वाला था, जिससे उन्हें हल करने में अधिक परेशानी नहीं हुई। कई विद्यार्थियों ने निर्धारित समय से पहले ही पूरा प्रश्न पत्र हल कर लिया।

उनका कहना था कि तैयारी के दौरान जिन पाठों पर अधिक फोकस किया गया था, उन्हीं से प्रमुख प्रश्न परीक्षा में पूछे गए थे। अभिभावकों ने भी परीक्षा केंद्रों के बाहर बच्चों से बातचीत के बाद राहत की सांस ली। छात्र-छात्राओं के मुताबिक अब तक हुए सभी विषयों के प्रश्न पत्र सिलेबस के अंदर से ही आए है।

# खेल से सुधरता है स्वास्थ्य: राजेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बरेली में थिम्फालिया का पांच दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत गुब्बारों को हवा में छोड़ने के साथ की गई। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने खेलों की शुरूआत की। मंगलवार को थिम्फालिया के नाम से शुरू हुए पांच दिवसीय कार्यक्रम की थीम "शक्ति और एकजुटता का उत्सव" थी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना से हुई।

विशिष्ट अतिथि राजेश पाठकिया एवं तसल्लीम खान ने अपने विचारों में खेलों एवं प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को उत्साहवर्धन किया। कहा कि खेलों में भाग लेने से हम अपने जीवन स्तर, बुद्धिमत्ता एवं स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं। साथ ही दूसरों के लिए प्रेरणा बनकर उनके जीवन स्तर में भी सुधार ला सकते हैं। खेल-कूद गतिविधिया के पांच दिवसीय कार्यक्रम में दौड़ (100 मीटर), सेक रेस, लेमन एंड स्पून रेस, क्रिकेट, खो-खो, पोस्चर प्रतियोगिता, बिब्ज प्रतियोगिता, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, वॉली-बॉल, शतरंज एवं कैरम आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश पाठकिया, प्रधानाचार्य डॉ. अंजू अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि तसलीम खान, शासकीय अधिकारी (आरएमएससीएच), पूनम आजाद, नर्सिंग आडिशेक (आरएनएमसीएच), विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. प्रियका ए मसीह (आरएनएमसीएच) तथा डॉ. वेदलाल नारायणन, प्रोफेसर (आरएनएमसीएच) की अध्यक्षता में किया गया।


गुब्बारे उड़ाकर पांच दिवसीय खेलों की शुरूआत करते अतिथि। ● अमृत विचार

- बीआईयू के नर्सिंग कॉलेज में शुरू हुआ पांच दिवसीय खेल महोत्सव

## सिटी डायरी

### एबीवीपी ने बरेली कॉलेज में छात्र समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को बरेली कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो. स्वदेश सिंह और चीफ प्रॉक्टर को छात्र–छात्राओं की विभिन्न मूलभूत समस्याओं को लेकर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मल्टीपर्पज हॉल, गर्ल्स एवं बॉयज छात्रावास, पार्किंग स्टैंड, कैंटीन, स्वीमिंग पूल, पुस्तकालय में पुस्तकों की कमी, पेयजल व्यवस्था और कॉलेज परिसर में बाहरी लोगों के अनावश्यक प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की गई। एबीवीपी के इकाई अध्यक्ष पवन राजपूत ने कहा कि परिषद छात्रहित में चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगी यदि प्रशासन शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाता है। प्रांत मंत्री आनंद कठेरिया ने कहा कि बरेली कॉलेज जैसे ऐतिहासिक संस्थान में मूलभूत सुविधाओं का अभाव अत्यंत चिंताजनक है। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री विकास गोला, कुनाल मिश्रा, नितिन मिश्रा, हरस, रोशनी ठाकुर, सानिध्य शर्मा, हर्षवर्धन सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्री हनुमान चालीसा का पाठ कराया




**बरेली, अमृत विचार :** सीएस इंटरनेशनल स्कूल में बाल सभा का आयोजन किया गया। यहां डॉ दीपंकर गुप्त ने बच्चों को श्री राम के पावन चरित्र से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि श्री राम अवतारी रूप में मानवता का आधार स्वरूप स्थापित करते हैं और उनका ब्रह्मत्व वास्तविक रूप भी है जो अदृश्य रूप में सर्वत्र विद्यमान रहता है। डॉ. दीपंकर गुप्त ने बच्चों को श्री हनुमान चालीसा का नियमित पाठ करने के लिए प्रेरित किया और सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कराया। सनातन संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता के आधार पर बच्चों को पुरस्कृत भी किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या शिखा गुप्ता ने कहा कि अंग्रेजी के बढ़ते प्रचलन में हमें अपनी संस्कृति को भी बचाना है। बच्चों के लिए शिक्षा के साथ संस्कार देना भी अति आवश्यक है।

### आईडीए प्रीमियर लीग : आज होगी खिलाड़ियों की नीलामी

**बरेली,** इंडियन डेंटल एसोसिएशन बरेली कैंट की ओर से 23 मार्च से 29 मार्च तक आईडीए कैंट प्रीमियर लीग का आयोजन किया जाएगा। यह भव्य प्रीमियर लीग एसआरएसएस के मैदान पर खेली जाएगी। लीग के आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। टूर्नामेंट में आईडीए बरेली कैंट के चिकित्सकों के साथ–साथ आईएमए बरेली के चिकित्सक और एसआरएमएस से जुड़े डॉक्टर भी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य चिकित्सकों के बीच खेल भावना को बढ़ावा देना और आपसी समन्वय को मजबूत करना है। बुधवार को खिलाड़ियों की नीलामी आयोजित की जाएगी। नीलामी के बाद टीमों का गठन होगा और लीग मुकाबलों का पूरा शेड्यूल जारी किया जाएगा।

### सृजन ने जरूरतमंदों को वितरित किया भोजन



**बरेली, अमृत विचार :** सृजन वेलफेयर सोसाइटी ने मंगलवार को परसाखेड़ा स्थित हनुमान मंदिर में जरूरतमंद लोगों और श्रमिकों के लिए नि :शुल्क भोजन वितरण का आयोजन किया। सोसाइटी आमजन और जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन वितरण कैंप का आयोजन लगातार हर मंगलवार को कर रही है। सोसाइटी ने रामगंगा स्थित विवेकानंद कुष्ठ आश्रम में वहां के निवासियों की मांग पर कपड़े और राशन आदि जरूरत का सामान वितरित किया है। कुष्ठ आश्रम में सामान वितरण के साथ ही संस्था ने वहां के निवासियों में गुलाल और पिचकारियां आदि भी होली के चलते वितरित किया। इस अवसर पर डॉ. दीक्षा सक्सेना, अमित गौड़, राजीव सक्सेना, रविंद्र शर्मा, दीपक शर्मा, हरीश गंगवार, दिलीप पाठक, सोनाक्षी गुप्ता, राहुल कपूर, प्रशांत अग्रवाल, विजय कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।